सी एस आई आर – केन्द्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)

महात्मा गांधी एवेन्यू, दुर्गापुर – 713 209 (पश्चिम बंगाल)

विज्ञापन संख्या / Advertisement No.02/2025

(ऑन लाइन आवेदन खुलने की तारीख : 14.02.2025)

(ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तारीखः 16.03.2025)

सीएसआईआर/भारत सरकार शोध एवं विकास हेतु सहायक कर्मचारियों में लैंगिक संतुलन को दर्शाने वाले कार्यबल के लिए प्रयत्नशील है तथा महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित करता है।

सीएसआईआर-केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीएमईआरआई), दुर्गापुर, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अधीन एक प्रमुख संस्थान है, जो आर्थिक, पर्यावरण तथा भारत के लोगों के सामाजिक हितों के लिए वैज्ञानिक परिक्षेत्रों में मूलभूत तथा प्रयुक्त प्रकृति दोनों के एकाधिक परिक्षेत्र के अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों में शामिल है। यांत्रिक अभियांत्रिकी के लिए समर्पित एक मात्र राष्ट्रीय प्रयोगशाला के रूप में, सीएसआईआर-सीएमईआरआई का मुख्य मिशन यांत्रिक अभियांत्रिकी एवं संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान करना एवं लागत-प्रभावी तथा मूल्य वर्द्धित प्रौद्योगिकी का विकास करना है। सीएसआईआर-सीएमईआरआई के मिशन का एक और तत्व स्थाई सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास की पहल में महत्वपूर्ण योगदान करना है। सीएसआईआर-सीएमईआरआई का लक्ष्य एक वैश्विक अनुसंधान एवं विकास संस्थान के रूप में उभरना है, जिसमें उद्योगों का भरोसा हो एवं अभियांत्रिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में समाज के लिए दृष्टिगोचर हो।

सीएसआईआर-सीएमईआरआई, दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) तथा लुधियाना (पंजाब) में स्थित इसके विस्तारित केंद्र में नीचे उल्लेखित **प्रशासनिक पदों** के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पदों का विवरण तथा अन्य विवरण नीचे उल्लेखित हैः

पद कोड	पदों का नाम	पदों की सं. एवं आरक्षण की स्थिति #	पे लेवल/ पे मैट्रिक्स	आवश्यक योग्यता	ऊपरी उम्र की सीमा
250201	कनिष्ठ सचिवालय सहायक (जनरल)	08 [एससी- 02, ओबीसी- 01, ईडब्ल्यूएस- 01, यूआर- 04]	पे लेवल- 2, सेल-1 (कुल परिलब्धियां लगभग रु. 36,000/- प्रति माह)	10+2/XII या इसके समकक्ष और अंग्रेजी में 35 शब्द प्रति मिनट अथवा हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से DoPT/CSIR द्वारा समय समय पर निर्धारित मानदंडों के अनुसार कंप्यूटर टाइपिंग में दक्षता	**28 वर्ष** (भारत सरकार के नियमों के अनुसार एससी/एसटी/ ओबीसी/ पीडब्ल्यूबीडी/ भूतपूर्व सैनिकों इत्यादि के लिए छूट उपलब्ध है)
250202	कनिष्ठ सचिवालय सहायक (वित्त एवं लेखा)	04 [ओबीसी- 01, यूआर- 03]			
250203	कनिष्ठ सचिवालय सहायक (भंडारण एवं क्रय)	04 [एससी- 01, ओबीसी- 01, यूआर- 02]			

 # ऊपर उल्लेखित कुल 16 पदों में से 01 पद पीडब्ल्यूबीडी-वीएच के लिए एवं 01 पद भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित है।

कार्य : उम्मीदवारों को सामान्य प्रशासन/भंडारण एवं क्रय/वित्त एवं लेखा विभाग के कार्यों में सहायता प्रदान करने के अलावा सक्षम प्राधिकारी द्वारा जब एवं जहां सौंपे गए अन्य कोई भी आधिकारिक कार्य निष्पादन करना होगा।

विस्तृत विज्ञापन, नियम एवं शर्तों, अन्य आवश्यक जानकारी तथा ऑन लाइन आवेदन जमा करने एवं तत्पश्चात संयोजन/सशोधन इत्यादि से संबंधित और अधिक जानकारी के लिए इच्छुक योग्य उम्मीदवार संस्थान की वेबसाइट: **www.cmeri.res.in → career → vacancies → Advt. No. 02/2025** पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

प्रशासन नियंत्रक